तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, शुक्रवार 5 जनवरी 2024

13 गांव के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को स्मृति...



14 केंद्रीय योजनाओं से आम जनजीवन में व्यापक परिवर्तन : विधायक साहू





# फरवरी में लगेगा राजिम कुंभ मेला, देश भर के श्रद्धालु होंगे शामिल

## त्रिवेणी संगम नगरी राजिम फिर साधु-संतों के पावन सानिध्य से होगा गुजलार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

राजिम मेला को लेकर एक अच्छी खबर सामने आया है। छत्तीसगढ़ में बीजेपी की सरकार बनने के बाद पांच साल बाद फिर फरवरी में राजिम में कुंभ लगेगा। छत्तीसगढ़ का प्रयागराज और त्रिवेणी संगम नगरी राजिम फिर साधु-संतों के पावन सानिध्य से गुजलार होगी। गौरतलब है कि कांग्रेस सरकार ने राजिम कुंभ का स्वरूप बदल कर राजिम माघी पुन्नी मेला लगा रहा था। राजिम माघी पुन्नी मेला सिर्फ स्थानीय स्तर पर सिमट कर रह गया था अब जब भाजपा की सरकार एक फिर राजिम कुंभ का आगाज करने जा रही है। राजिम कुंभ की ख्याति एक फिर देश विदेश तक होगा। देश भर के श्रद्धालु एक फिर राजिम कुंभ में शामिल होंगे। पिछले दिनों देर शाम 6 घंटे तक महानदी भवन मंत्रालय में चली मैराथन बैठक में स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने प्रदेशहित में कई अहम फैसले लिए।





**भव्य तरीके से आयोजित होगा कुंभ मेला**-बैठक में राजिम कुंभ मेले को भव्य तरीके से मनाने, मंत्री अग्रवाल ने राजिम कुंभ मेला की तैयारी के संबंध में जानकारी लेकर इसके आयोजन को भव्य बनाने की व्यवस्था के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। राजिम मंदिर के चारों ओर परिक्रमा पथ बनाने की बात कही। उन्होंने अधिकारियों को राज्य के मेला महोत्सव को बढ़ावा देने के निर्देश भी जारी किए हैं, ताकि मेला को पर्यटन की तर्ज पर बढ़ावा मिल सके।

## खबर संक्षेप



### घर में कैद मानसिक रोगी तक पहुंचा स्वास्थ्य दल

**गरियाबंद।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर केसी उरांव के निर्देश पर छुरा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत साजापाली के आश्रित ग्राम नवाडीही में डॉ. बिनकर एवं डॉ. ध्रुव मार्गदर्शन में जिला मानसिक स्वास्थ्य दल के टीम द्वारा दौरा किया गया। जहां मानसिक स्वास्थ्य दल द्वारा घर के कमरे में रह रहे मानसिक रोगी का पुनः मूल्यांकन कर वहीं निःशुल्क दवा उपलब्ध कराकर रोगी के परिवारजनों को उनके स्वास्थ्य लाभ के लिए आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया। गांव के तीन अन्य मानसिक रोगियों का भी पुनः परीक्षण कर उन्हें भी निःशुल्क दवा उपलब्ध कराई गई और उनके परिवारजनों को परामर्श प्रदान किया गया। साथ ही ग्रामीणों को जिला चिकित्सालय में संचालित 'स्पर्श क्लीनिक (मनोपचार केन्द्र) के संबंध में जानकारी दी गई।

### आईएएस दीपक अग्रवाल होंगे जिले के नए कलेक्टर

**गरियाबंद ।** आईएएस दीपक अग्रवाल गरियाबंद ज़िले के नए कलेक्टर होंगे। 2016 बैच के दीपक अग्रवाल पर सरकार की ब्रांडिंग की अहम जिम्मेदारी होगी। सालों तक लूप लाइन में रहे दीपक अग्रवाल ने शानदार वापसी की है।



दीपक कुमार अग्रवाल, भा.प्र.से. (2016), उप सचिव, छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग, रायपुर तथा अतिरिक्त प्रभार उप सचिव, राजभवन सचिवालय में अपनी सेवा दे रहे थे। वे मूल रूप से छत्तीसगढ़ के रहने वाले हैं।

### कक्षा 6वीं में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा 10 मार्च को

**गरियाबंद।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना अंतर्गत कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए 10 मार्च को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक लिखित परीक्षा आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। उक्त परीक्षा में कक्षा चौथी में 80 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले ग्रामीण क्षेत्र के अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के विद्यार्थी सम्मिलित हो सकते हैं। सम्मिलित होने के इच्छुक छात्र-छात्राएं अपने क्षेत्र के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास गरियाबंद ने बताया कि आवेदन पत्र के साथ पालकों की सहमति, आयकर दाता न होने का प्रमाण पत्र, संस्था से ग्रामीण अंचल में होने का प्रमाण संबंधित जानकारी, जाति प्रमाण पत्र, अंकसूची में प्राप्तांक संबंधी जानकारी संलग्न किया जाना अनिवार्य है।

### सूने घर से जेवर एवं नगदी की चोरी

**महासमुंद।** बागबाहरा के गणेश पारा में एक सूने घर का दरवाजा तोड़कर अज्ञात द्वारा सोने के जेवर सहित नगदी रकम की चोरी कर ली गई है। प्रार्थी सुदन महानंद पिता जीवर्धन 55 वर्ष ने बताया कि मंगलवार को उनका परिवार किसी काम से कहीं और गए थे। इसी दौरान अज्ञात द्वारा घर का दरवाजा तोड़कर अटैची में रखे एक नग सोने की बाली कीमती कीमती 1000 रुपए, दो नग सोने का लॉकेट 2000 रुपए और नगदी रकम 30000 रुपए कुल 33000 रुपए की चोरी कर ली गई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ 457, 380 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में ले लिया है।

## निर्माण कार्यों में लाल ईट का उपयोग किए जाने की लगातार मिल रही हैं शिकायतें

# लाल ईंट से शासकीय भवनों का निर्माण मूल्यांकन में होगा हिसाब : अधिकारी


हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

जनपद पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत शासन द्वारा चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों में लाल ईट का उपयोग किए जाने की लगातार शिकायतें मिल रही हैं, जिस पर अधिकारियों ने कार्यवाही करते हुए ठेकेदारों को कम मूल्यांकन करने की बात कही। ज्ञात होगी बड़े-बड़े कारखाने से निकलने वाले बेस्ट से काला ईट का निर्माण किया जा रहा है। जिसे शासन द्वारा प्रोत्साहन दिया जा रहा है एवं उनके लिए कार्य के लिए लोन देकर फैक्ट्री का निर्माण किया गया है एवं शासन द्वारा पर्यावरण सुरक्षा को ध्यान में रखकर यह निर्णय लिया गया है कि शासन के भवन निर्माण कार्य चलने वालों कार्यों में काला ईट का उपयोग किया जाएगा, किंतु कुछ ठेकेदारों द्वारा लाल ईट का उपयोग किया जा रहा है, वर्तमान में हाई स्कूल परसदा के अहाता के निर्माण में लाल ईट का उपयोग किया जा रहा है। इसी तरह और शासन द्वारा विभिन्न सामाजिक भवन ,पीडीएस भवन में भी लाल ईट के निर्माण करने की लगातार शिकायत मिली है। जिससे भवन के गुणवत्ता पर प्रश्न चिन्ह लगता है एवं पर्यावरण के लिए भी नुकसानदायक है। उसके निर्माण को लेकर मिट्टी के कटाव, कोयला से धुआं एवं जंगल के अवैध कटाई होने की लगातार शिकायत है मिलते रहती है इसीलिए इस पर लगातार रोक लगाया जा रहा है और इसके विकल्प के रूप में काला ईट को प्रोत्साहन दिया जा रहा है किंतु क्षेत्र के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा ठेकेदारों को पर्याप्त दिशा निर्देश नहीं मिलने की वजह से कई ठेकेदार लाल ईट का उपयोग किया जा रहा है। जिससे काला ईट से कार्य करने वालों को परेशानी हो रही है, उन्होंने इस संबंध में नवनियुक्त कलेक्टर से भी निवेदन किया है कि शासन के बनने वाले विभिन्न भवनों में का उपयोग किया जाना सुनिश्चित हो, इस संबंध में जनपद पंचायत, आरईएस के एसडीओ बीएल देवागन ने कहा कि काला ईट उपलब्ध होने की स्थिति में लाल ईटका उपयोग नहीं किया जाना है और शासन द्वारा दोनों ईट के लिए अलग-अलग रेट तय किया गया है, अगर लाल ईट का उपयोग किया गया है तो मूल्यांकन के समय उसका कम किया जाएगा, क्योंकि काला ईट के निर्माण पर शासन द्वारा अधिक रेट दिया जाता है, उन्होंने कहा कि सभी को निर्देश दिया जाएगा की अधिक से अधिक काला ईट का उपयोग हो ताकि शासन के निर्देशों का पालन हो सके।



**लगाई जा रही है रोक**

भवन के गुणवत्ता पर प्रश्न चिन्ह लगता है एवं पर्यावरण के लिए भी नुकसानदायक है। उसके निर्माण को लेकर मिट्टी के कटाव, कोयला से धुआं एवं जंगल के अवैध कटाई होने की लगातार शिकायत है मिलते रहती है इसीलिए इस पर लगातार रोक लगाया जा रहा है और इसके विकल्प के रूप में काला ईट को प्रोत्साहन दिया जा रहा है किंतु क्षेत्र के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा ठेकेदारों को पर्याप्त दिशा निर्देश नहीं मिलने की वजह से कई ठेकेदार लाल ईट का उपयोग किया जा रहा है। जिससे काला ईट से कार्य करने वालों को परेशानी हो रही है।



# ठंड से बचने अलाव जलाकर बैठे लोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

इन दिनों वनांचल मैनपुर क्षेत्र में कड़ाके की ठंड के बीच घने कोहरे से लोग परेशान है। उत्तर की ओर से लगातार आ रही ठंडी हवा के कारण कोहरा छा रहा है लगातार कोहरा छाने और धूप की चमक कमजोर पड़ने से लोगों को रात और दिन में एक समान ठंड महसूस हो रही है। गुरूवार को क्षेत्र में 10 बजे तक कोहरे के चपेट में रहा। क्षेत्र में लोग ठंड से बचने शाम होते ही अलाव का सहारा ले रहे है। इंसान तो इंसान मवेशी भी ठंड से परेशान है। लोगों के स्वास्थ्य पर विपरित असर पड़ रहा है। ठंड से सबसे ज्यादा बच्चों की हालत खराब है। सुबह की पाली में स्कूल आना–जाना करने वाले स्कूल कड़ाके की सर्दी से बेहाल है।

# सीसी रोड की खुदाई कर खुला छोड़ दिया, दुर्घटना का अंदेशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

- जल जीवन मिशन पाइप लाइन बिछाने के लिए नगर में जगह- जगह खोदा गया

जल जीवन मिशन योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने के लिए जगह –जगह नगर के भीतर सीसी रोड को जेसीबी मशीन से खोदाई कर नही पाटने के कारण आए दिन लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। शिकायत के बावजूद पीएचई विभाग के अफसर व ठेकेदार ध्यान नहीं दे रहे, जिससे लोगों में भारी नाराजगी है। तहसील मुख्यालय के भीतर ग्राम पंचायत से गांधी चौक, ठाकुरदेवपारा, शिक्षक कॉलोनी, पटेलपारा, जयंतीनगर, शांतिनगर और नगर के विभिन्न वार्डों की गलियों में जेसीबी खुदाई की गई है। पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़क को तोड़ने के बाद उसे फिर से सीसीकरण नहीं किया गया है। कई घरों के नल पाइप लाइन जो पुराने नलजल योजना से चल रहे हैं, वे टूट फूटकर तहस नहस हो गया है। लोगों पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने गरियाबंद कलेक्टर एवं पीएचई विभाग के कार्यपालन अभियंता से मांग किया है कि सीसी रोड की मरम्मत कराई जाए। साथ ही घरों की जो पाइप लाइन टूट गई है, उसमें सुधार कराया जाए।



# मेले में युवती से छेड़छाड़ आरोपी युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

पुलिस ने लड़की से छेड़छाड़ के आरोप में ग्राम पेंड्रा के 25 वर्षीय युवक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मामला दर्ज किया है।



प्राप्त जानकारी अनुसार 28 दिसंबर को प्रर्थिया लड़की उसके गांव के मड़ई मेला में अण्डा ठेला से एगरोल लेने गई थी। तभी आरोपी दीपक यादव द्वारा प्रार्थिया के लड़की के पास आया और उसे बेज्जत करने के नियत से उसके हाथ बाह को पकड़कर अंधेरे की ओर ले जा रहा था तभी जारे से आवाज लगाने से आरोपी द्वारा मारपीट करना व गाली गलौच करना व प्रार्थिया की लडकी द्वारा थक्का देकर भागना और घर में जाकर घटना के बारे मे बताना कि रिर्पोट पर युवक के खिलाफ धारा 354, 354ख, 294, 323 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना मे लिया गया। प्रकरण के आरोपी दीपक यादव को हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर अपराध घटित स्वीकार करने पर आरोपी दीपक यादव को गिरफ्तार कर न्यायालय रिमाण्ड भेजा गया।

# भूतपूर्व छात्र-छात्राएं कॉलेज की अमूल्य संपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

- राजीव लोचन कालेज में एल्यूमिनी मीट 2023 का आयोजन

शासकीय राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एल्युमिनी मीट 2023 के आयोजन का उद्देश्य भूतपूर्व छात्र-छात्राओं को कॉलेज से जोड़कर रखने का है। भूतपूर्व छात्र-छात्राएं कालेज की अमूल्य संपत्ति के समान होते हैं, जिनके द्वारा कॉलेज को विकास के पथ पर अग्रसर किया जा सकता है। प्राचार्य एमएल वर्मा ने कहा कि बहुत पहले से ही महाविद्यालय से जुड़ा हुआ हूं। गुरुजनों ने उचित मार्गदर्शन प्रदान किया जिसके वजह से आज इस मुकाम पर पहुंचा हूं। महाविद्यालय में प्रवेश लेने का अवसर मिला। उस समय प्राध्यापक प्रत्येक छात्र को प्रेरित करते और हरसंभव मदद के लिए तत्पर रहते थे। लेकिन आज छात्र, प्राध्यापकों से मदद लेने में संकोच करते है। प्रोफेसर योगेश तारक जो एलुमिनी सदस्य भी हैं महाविद्यालय को अपने पिता के नाम से 21000 हजार दान देने की घोषणा की। प्रोफेसर घनश्याम यदु ने सभी एलुमनी सदस्य को किसी न किसी रूप में महाविद्यालय से जुड़े रहने एवं जितना भी हो सके उतना महाविद्यालय के विकास के लिए योगदान देने हेतु प्रेरित किया। संचालन प्रोफेसर क्षमा चौहान ने किया। आभार प्रोफेसर राकेश बघेल ने किया। कार्यक्रम में डॉ समीक्षा चंद्राकर, प्रोफेसर श्वेता खरे,चित्रा खोटे, मनीषा भोई, दीप्ति, भानु प्रताप नायक ,देवेंद्र देवांगन , मुकेश कुर्रे ,चन्द्रकला, अश्विनी, नेहा ,भूतपूर्व छात्र-छात्राएं रवीना सेन ,मोनीषा राहुल, सचिन, रामकुमार गायकवाड़, डहरु सोनकर , करन खूबलाल , योगिता मौजूद थे।





## बीमारी के इलाज समेत जीवन यापन में हो रही दिक्कत

# रसोइयों को पांच माह से नहीं मिला मानदेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

मध्यान्ह भोजन बनाने वाली रसोइयों को पांच माह से मानदेय नहीं मिलने से आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ा रहा है। महिलाओं ने कहा कि शासन की उदासीनता पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि अन्य योजनाओं में करोड़ों रुपए खर्च करने वाली सरकार रसोइयों और बच्चों की सुविधाओं की ओर ध्यान नहीं दे रही है। मानदेय नहीं के बराबर है वह भी समय पर नहीं मिलता। पांच माह से मानदेय नहीं मिलने के कारण हमारे बच्चों की पढ़ाई - लिखाई, बिमारी के इलाज समेत जीवन यापन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा है। ग्रामीण इलाकों के स्कूलों में महिला स्व सहायता समूह के माध्यम से मध्यान्ह भोजन योजना का संचालन किया जा रहा है। मध्यान्ह भोजन के लिए प्रत्येक स्कूल में रसोइयों की नियुक्ति की गई है। उन्हें हर माह निश्चित मानदेय प्रदान किया जाता है। पिछले पांच माह से महिला स्व सहायता समूहों और रसोइयों को मानदेय नहीं मिला है।



**तत्काल राशि जारी करें**

मध्यान्ह भोजन के लिए केन्द्र और राज्य द्वारा संयुक्त रूप से मानदेय की राशि प्रदान की जाती है। रसोइयों को अगस्त से मानदेय नहीं मिला है। बताते है कि केंद्र ने राशि जारी कर दी है परन्तु राज्यांश मिलाकर राज्य शासन ने अब तक राशि जारी नहीं की है। शासन की उदासीनता के चलते समूह और रसोइयों का आर्थिक स्थिति गड़बड़ा गई है। छुरा ब्लाक के मध्यान्ह भोजन रसोइयों संघ ने शासन प्रशासन से पांच माह की राशि तत्काल जारी करने की मांग की है।

### मक्का भरा ट्रक बोर्ड से टकराया, बड़ी दुर्घटना टली

**मैनपुर।** मैनपुर गरियाबंद नेशनल हाइवे 130 सी मुख्यमार्ग में तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगभग 06 किमी दूर मक्का से भरे ट्रक सड़क किनारे बोर्ड से जा टकराया। जिससे एक बड़ी दुर्घटना बाल –बाल टली, लेकिन मक्का सड़क में पूरी तरह बिखर गया।



पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

# निर्माण की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं, काम हो समय सीमा में: साव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने बुधवार को अपने विभागों पीडब्लूडी, पीएचई, और नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के वरिष्ठ अफसरों की बैठक ली। पहली बैठक में ही उन्होंने अपने कामकाज के तरीके स्पष्ट कर दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्यों की श्रेष्ठ गुणवत्ता प्राथमिकता होनी चाहिए। इसमें किसी प्रकार का कोई समझौता नहीं हो। सभी कार्यों को अनिवार्यतः समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। समय-सीमा में काम पूर्ण नहीं होने पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी।

### विभाग के प्रमुख अफसर थे मौजूद

लोक निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, सचिव आलोक कटियार, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव डॉ. एस. भारतीदासन और नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के विशेष सचिव डॉ. अय्याज तंबोली भी बैठक में उपस्थित थे। श्री साव ने तीनों विभागों की दक्षता बढ़ाने, तेजी से काम पूरा करने, कार्यों की गुणवत्ता बढ़ाने और बेहतर मॉनिटरिंग के लिए कार्यप्रणाली में सुधार लाने आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

### पीएचई को दिए ये निर्देश

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को जल जीवन मिशन का काम तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पाइपलाइन बिछाने का काम पूर्ण होते ही सड़कों की यथास्थिति बहाल करने को कहा, ताकि नागरिकों को आवाजाही में परेशानी न हो। उन्होंने विभाग के डिवीजन स्तर के कार्यालयों को और अधिक सक्रियता दिखाने के निर्देश दिए। उन्होंने काम के अनुरूप संसाधन बढ़ाने को कहा। उन्होंने आने वाले समय में लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता को देखते हुए नए हैंडपंप की स्थापना और मरम्मत के लिए आगामी जून तक की जरूरत के मुताबिक स्पेयर-पार्ट्स की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।



■ पीडब्ल्यूडी, पीएचई और नगरीय प्रशासन विभाग की बैठक

### नगरीय प्रशासन करे शहरों का विकास

श्री साव ने नगरीय प्रशासन और विकास विभाग की बैठक में अधोसंरचना संबंधी कार्यों और नगरीय निकायों की वित्तीय स्थिति की जानकारी ली। विभागीय अधिकारियों ने उन्हें स्वच्छ भारत मिशन (शहरी), स्मार्ट सिटी परियोजना, अमृत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) और प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की प्रगति की जानकारी दी। श्री साव ने विभाग में प्रशासनिक सुधार के साथ ही शहरों के लिए योजना बनाकर चरणबद्ध ढंग से काम करने को कहा। उन्होंने शहरी क्षेत्रों के समन्वित विकास पर जोर दिया।

### सड़क के गड्ढे भरें, कराएं मरम्मत

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने लोक निर्माण विभाग की बैठक में कहा कि गड्ढों वाली सड़कों की तत्काल मरम्मत कराएं। अगले एक से दो महीनों में सभी सड़कों की मरम्मत का काम पूर्ण कर लें। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक और वाहनों के लोड के हिसाब से सड़कों का निर्माण कराएं। सड़कों के निर्माण और मरम्मत के लिए आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल करें। अच्छी गुणवत्ता की टिकाऊ सड़कें बनवाएं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों के सुझाव पर प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की तरह लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित सड़कों की गुणवत्ता की थर्ड पार्टी मूल्यांकन की व्यवस्था तैयार करने को कहा।

*अच्छा काम करके अच्छी छवि बनाना है*

*उपमुख्यमंत्री ने कहा कि तीनों विभागों को अच्छा काम करना है और जनमानस में इन विभागों की अच्छी छवि बनाना है। उन्होंने काम का पुराना तौर-तरीका बदलते हुए निर्माण और मरम्मत के कार्यों में नई तकनीकों का उपयोग करने को कहा। श्री साव ने खाली पदों पर भर्ती के लिए पहल करने की बात कही। उन्होंने तीनों विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने तीनों विभागों के लिए आगामी बजट की तैयारियों की भी जानकारी ली।*

### उद्यानों को बनाएं बेहतर

उप मुख्यमंत्री ने उद्यानों को व्यवस्थित और साफ-सुथरा रखने को कहा। उन्होंने स्थानीय लोगों के साथ समिति बनाकर उद्यानों के बेहतर रखरखाव का सुझाव दिया। उन्होंने खाली पड़े सामुदायिक भवनों का उपयोग बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लाइब्रेरी और जिम के रूप में भी इनका उपयोग किया जा सकता है। श्री साव ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा किए जाने वाले सभी कार्यों में गुणवत्ता, मॉनिटरिंग और समय-सीमा का ध्यान रखने को कहा। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संचालक डॉ. सारांश मित्तर, संयुक्त सचिव पीएस ध्रुव, लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता केके पिपरी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियंता एमएल अग्रवाल और सूडा के सीईओ सौमिल रंजन चौबे भी बैठक में मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### मीसा बंदियों का सम्मेलन 10 को, सीएम होंगे शामिल



**रायपुर।** मीसा बंदियों के सम्मेलन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे। लोकतंत्री सेनानी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने ने बताया कि 10 जनवरी को वृंदावन हाल रायपुर में आयोजित समारोह में संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद कैलाश सोनी भी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि भूपेश सरकार ने मीसा बंदियों की सम्मान निधि और अन्य सुविधाएं बंद कर दी थीं। मीसा बंदिया की सम्मान निधि शुरू करने के संबंध में मुख्यमंत्री से चर्चा की गई है। मुख्यमंत्री ने इसे लेकर अधिकारियों को निर्देया दिए हैं कि इसे प्रारंभ करने की कार्रवाई शुरू की जाए। उन्होंने वित्तमंत्री ओपी चौधरी को भी इस संबंध में बजट में प्रावधान करने कहा है।

### शारदा चौक में श्रीराम की चरण पादुका का स्वागत



**रायपुर।** शिवसेना रायपुर जिला इकाई ने श्रीलंका से आई भगवान श्रीराम की चरण पादुका का शारदा चौक में स्थित हनुमान मंदिर में बुधवार को स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के आदेशानुसार आशीष परिडा नेतृत्व में समस्त शिवसैनिकों ने फूल माला तथा पटाखों से भव्य स्वागत किया। शिवसेना नेता आशीष परिडा ने बताया कि यह प्रभु श्रीराम की चरण पादुका श्रीलंका से रामवनगमन पथ होते अयोध्या जाएगी, जिसका प्रत्येक राज्य में युवाओं, हिंदू संगठनों की ओर से स्वागत किया जा रहा है। कार्यक्रम में विकास ठाकुर, संतोष शुक्ला, संजय सोनकर, राकेश यदु, संजू साहू, नरेंद प्रजापति, नरेश चंद्रवंशी, अमर नायक, किशन साहू, गिरिराज देवांगन, चांद यादव, रोहित विश्वकर्मा एवं सैकड़ों शिवसैनिक उपस्थित रहे।

### खेल मंत्री से मिले जिला बॉडी बिल्डिंग के पदाधिकारी



**रायपुर।** रायपुर जिला बॉडी बिल्डिंग और पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन छग के पदाधिकारियों ने खेल मंत्री टंकराम वर्मा से मुलाकात की। इसी दौरान 12 से 14 जनवरी तक बॉडी बिल्डिंग और पावर लिफ्टिंग की प्रतियोगिता के लिए खेल मंत्री को आमंत्रित किया। इस मौके पर एसोसिएशन के सचिव मानिक ताम्रकार और ऊदल वाल्मीकि ने बताया कि आमंत्रण को खेल मंत्री सहर्ष स्वीकार करते हुए 12 जनवरी को शाम 6 बजे उदघाटन समारोह में आने स्वीकार किया है। इस अवसर पर पावर लिफ्टिंग के सोहन वर्मा, डीएसएन राव, प्रदीप क्षत्रिय आदि उपस्थित थे।

## भाजपा की सरकार बनते ही छत्तीसगढ़ में हिटलर शाही शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

बालको प्रबंधन द्वारा कर्मचारियों के एकतरफा निलंबन के खिलाफ कर्मचारियों के शांतिपूर्ण आंदोलन को लाठी चार्ज करके बलपूर्वक कुचले जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा, साय सरकार बनते ही प्रशासन बर्बरता पर उतर आया है। अभिव्यक्ति की आजादी और लोकतांत्रिक अधिकारों को कुचलना भारतीय जनता पार्टी की परंपरा बन चुकी है। किसी भी तरह की जायज मांग, सलाह, सुझाव या चर्चा की कोई गुंजाइश भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में नहीं है।



■ शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे बालको के कर्मचारियों पर लाठी चार्ज निंदनीय-बैज

उन्होंने कहा, बालको प्रशासन कर्मचारियों की वेतन विसंगति और नौकरी से निकाले गए कर्मचारियों को वापस लेने की मांग को तत्काल पूरा करे। 4 दिनों से शांतिपूर्ण तरीके से टूल डाउन करके प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों पर लाठीचार्ज की घटना निंदनीय है। भाजपा की सरकार पूंजीपतियों के दबाव में कर्मचारियों पर लाठीचार्ज करवा रही है। कर्मचारियों की जायज मांग को कुचल रही है। भाजपा की सरकार बनते ही उद्योगों में मजदूरों के साथ अमानवीय व्यवहार शुरू हो गया है।

## पुलिस ऐसे कार्य करे जिसमें जनता में विश्वास व अपराधियों में भय व्याप्त हो

# विजय ने कहा- सायबर अपराधों के अनुसंधान के लिए और लैब तैयार करें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा, प्रदेश में तेजी से बढ़ते साइबर क्राइम के लिए पुलिस आधुनिकीकरण के लिए अन्य राज्यों के सफल मॉडल का अध्ययन कर कार्ययोजना बनाए। उन्होंने सायबर अपराधों के अनुसंधान के लिए उच्च गुणवत्ता के सुसज्जित सायबर लैब को तैयार करने निर्देशित किया। उन्होंने गुजरात एवं अन्य राज्यों में सायबर इन्वेस्टिगेशन, क्राइम डिजिटलाइजेशन एवं अधोसंरचना विकास में किये जा रहे कार्य का अध्ययन कर इस दिशा में छत्तीसगढ़ राज्य के लिए भी प्रभावी कार्ययोजना तैयार किये जाने निर्देशित किया। उन्होंने विभाग की प्रशासन शाखा, योजना, प्रबंध शाखा और अपराध शाखा सहित अन्य विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा, शासन




■ गृहमंत्री ने ली पुलिस विभाग की समीक्षा बैठक

द्वारा बनाए गए कानून व्यवस्था का उचित तरीके से पालन करते हुए आमजनों को समय पर न्याय दिलाना सुनिश्चित करें। बैठक में पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा एवं अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने विभिन्न शाखाओं से संबंधित अद्यतन जानकारी से गृहमंत्री को अवगत कराया। उप मुख्यमंत्री ने समीक्षा के दौरान नशीले पदार्थों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए विशेष सेल बनाये जाने एवं पुलिस, ड्रग कंट्रोलर एवं नॉरकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के मध्य उच्चस्तरीय समन्वय स्थापित कर नशीले पदार्थों के विरुद्ध कार्रवाई किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने आधारभूत पुलिसिंग को मजबूत करने कहा। उन्होंने जनोन्मुखी पुलिस व्यवस्था स्थापित करने, जिससे अपराधियों एवं अनैतिक कार्य करने वाले में पुलिस का भय हो तथा आम जनता में सुरक्षा की भावना एवं पुलिस के प्रति विश्वास बढ़े, ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

*ये थे उपस्थित : समीक्षा बैठक में पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा के साथ अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक हिमांशु गुप्ता, एसआरपी कल्लूरी, प्रदीप गुप्ता, विवेकानंद, अमित कुमार, पुलिस महानिरीक्षक सुशीलचंद द्विवेदी, डॉ संजीव शुक्ला सहित पुलिस मुख्यालय एवं गृह विभाग, मंत्रालय के अरुणदेव गौतम, सचिव, गृह एवं संचालक, लोक अभियोजन, डॉ. बसवराजू, सचिव, गृह विभाग उपस्थित रहे।*

### प्रो-एक्टिव पुलिसिंग को दें बढ़ावा

गृहमंत्री ने प्रदेश की कानून व्यवस्था की भी समीक्षा की एवं प्रो-एक्टिव पुलिसिंग करने तथा छोटी सी छोटी घटनाओं एवं अपराधों में कम से कम समय में कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, पुलिस विभाग में भर्ती की प्रक्रिया की पूरी समय सारिणी तय कर समयसीमा में नियुक्ति करें। उन्होंने पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को जल्द से जल्द विभाग के कर्मचारियों के आवास एवं अधोसंरचना के संबंध में कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिये। कर्मचारियों के कल्याण विशेषकर नक्सली हिंसा में घायल कर्मचारियों के कल्याण के संबंध में भी त्वरित एवं संवेदनशील कार्य किये जाने के लिए निर्देशित किया गया।

## सराफा कारोबारियों ने परिचय पत्र के लिए किया आग्रह

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू के नेतृत्व में सराफा कारोबारियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान श्री मालू ने सराफा कारोबारियों की समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने सराफा कारोबारियों की सुविधा के लिए पुलिस विभाग की ओर से परिचयपत्र जारी करवाने आग्रह किया। श्री मालू ने मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री साय को बताया परिचयपत्र नहीं होने से सराफा कारोबारियों को एक जिले से दूसरे जिले आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। देर रात को पुलिस प्रशासन रोककर पूछताछ करता है। ऐसे में प्रदेश के सराफा कारोबारियों के लिए पुलिस विभाग की ओर से एक परिचयपत्र प्रदान किया जाना चाहिए, ताकि जरूरत पड़ने पर इस परिचयपत्र को दिखा सकें। हरख मालू ने कहा ऑनलाइन साहूकारी लाइसेंस जारी होने में तकनीकी समस्या के कारण साहूकारी लाइसेंस जारी नहीं हो पा रहा है। इसीलिए राजस्व सचिव को आवश्यक निर्देश जारी कर समस्या का हल करने की मांग की। श्री साय ने सराफा व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल को जल्द ही समस्याओं के समाधान करने आश्वासन दिया। इस अवसर पर पी. उत्तम गोलछा, इंदरजीत सलूजा, प्रहलाद सोनी, विमल बुरड़, रविकांत लुक्कड़, देवेंद्र सोनी, प्रमित नियोगी, अनिल दुग्गड़, प्रिंस सोनी उपस्थित थे।



■ सीएम हाउस में की मुलाकात

## छत्तीसगढ़ प्रदेश राइस मिलर एसोसिएशन की कार्यकारिणी में 231 मिलर को मिली जगह

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

■ विजय तायल और प्रमोद जैन बनाए गए महामंत्री, चंदन कोषाध्यक्ष

■ प्रदेश कार्यकारिणी की हुई घोषणा

छत्तीसगढ़ प्रदेश राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने बुधवार को प्रदेश इकाई की घोषणा की। इसमें प्रदेश के 231 मिलर को जगह मिली है। विजय तायल और प्रमोद जैन को महामंत्री बनाया गया है, जबकि चंदन अग्रवाल कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालेंगे। नई प्रदेश कार्यकारिणी में 8 संरक्षक, 2 महामंत्री और कोषाध्यक्ष के साथ 7 वरिष्ठ उपाध्यक्ष, 16 सलाहकार और 48 उपाध्यक्ष बनाए गए हैं। छत्तीसगढ़ राइस मिलर एसोसियेशन के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष ने टीम में 71 मंत्री बनाए हैं। एसोसियेशन की प्रदेश कार्यकारिणी में सभी जिलों से राइस मिलर को लिया गया है।

नई कार्यकारिणी में संरक्षक- महावीर अग्रवाल दुर्ग, देवराज सांखला राजिम, दिलीप अग्रवाल रायपुर, प्रमोद अग्रवाल खरोरा, राजू कस्तावर धमतरी, मोहन पटेल बालोद, बजरंग जिंदल खरसिया, राजू लूंकड़ धमतरी। इसी तरह 7 वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में कवर्धा से लकी शर्मा, राजीव अग्रवाल खरोरा, अमर सुलतानिया जांजगीर, विकास अग्रवाल पत्थलगांव, विजय शर्मा कुरुद, अब्दुल गफ्फार मेनन, मनोज अग्रवाल डोंगरगढ़ शामिल हैं। सचिव के रूप में दुर्ग के संजय गर्ग, कांकेर के शब्बीर मेनन को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी तरह उपाध्यक्ष, मंत्री के साथ कार्यकारिणी सदस्यों के नाम का ऐलान किया गया है।

### इन्हें मिली सलाहकार के रूप में जगह

नवल अग्रवाल धमतरी, गोपाल मोढी कोरबा, देवेंद्र भृगु भाटापारा, घनश्याम पटेल रायगढ़, विजय गोयल राजिम, मुकेश जैन रायपुर, विजय केडिया जांजगीर, भोलाराम मित्तल बिलासपुर, मनोज पालीवाल जांजगीर, गिरधारी अग्रवाल राजिम, अजय सचदेव सिमगा, राजेश मित्तल सूरजपुर, संतोष अग्रवाल रायगढ़, संजय अग्रवाल सारंगढ़, विनोद अग्रवाल दुर्ग।

## संचालक महामारी हुए सेवानिवृत, दो अफसर कगार पर, नए चेहरों की तलाश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

नए साल की शुरुआत के पहले संचालक महामारी की जिम्मेदारी संभालने वाले डॉ. सुभाष मिश्रा सेवानिवृत हो गए हैं। उपसंचालक स्तर के दो और अधिकारी भी आने वाले दिनों में रिटायर होने वाले हैं। इन अफसरों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का वहन करने के लिए विभागीय स्तर पर नए चेहरों की तलाश शुरू कर दी गई है।

डा. सुभाष मिश्रा संचालक महामारी के साथ अंधत्व निवारण कार्यक्रम के नोडल अफसर की भूमिका भी निभा रहे थे। 31 दिसंबर को उनके रिटायर होने के बाद इन महत्वपूर्ण कार्यों के लिए विभागीय स्तर पर किसी योग्य और अनुभवी चेहरे की तलाश की जा रही है। राज्य में कोरोना के साथ अन्य तरह की संक्रामक बीमारी समय-समय पर अपना असर दिखाती है, जिसकी रोकथाम के लिए महत्वपूर्ण उपाय किया जाना संचालक महामारी के जिम्मे होता है। इसके साथ स्वास्थ्य संचालनालय में पदस्थ उपसंचालक स्तर के दो अन्य अफसर भी अगले तीन से चार माह के भीतर सेवानिवृत हो जाएंगे। इन अफसरों के पास पीसीपीएनडीटी, मातृ-शिशु स्वास्थ्य जैसी जन स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण योजनाओं के संचालन की जिम्मेदारी है।

स्वस्थ छत्तीसगढ़

■ स्वास्थ्य विभाग में महत्वपूर्ण कार्यों की संभाल रहे जिम्मेदारी

संचालक महामारी के साथ आने वाले दिनों में रिटायर होने वाले दोनों अफसरों के स्थान पर जिम्मेदारी के लिए नए चेहरों की तलाश शुरू की जा रही है। सूत्रों का कहना है कि इस साल स्वास्थ्य संचालनालय से जुड़े आधा दर्जन से अधिक अधिकारी सेवानिवृत होने वाले हैं। साथ ही जिलास्तर पर बड़ी संख्या में जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भी रिटायरमेंट करीब आ चुके हैं।

## एमआईसी की बैठक आज, पेंशन प्रकरण, वेंडिंग पालिसी पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

रायपुर नगर निगम के मेयर इन काउंसिल की बैठक 4 जनवरी को दोपहर 12 गांधी सदन के एमआईसी कक्ष में आयोजित है। महापौर एजाज ढेबर की अध्यक्षता में यह होगी। इस बैठक में 10 जोन के 70 वार्डों से प्राप्त गरीबों के पेंशन प्रकरण, निर्माण कार्य संबंधी प्रस्ताव फुटकर पथकर विक्रेताओं के लिए वेंडिंग पालिसी पर चर्चा होगी। नए साल की पहली एमआईसी की बैठक में सामाजिक सुरक्षा पेंशन, परिवार सहायता पेंशन, दिव्यांग, विधवा पेंशन के 300 से ज्यादा प्रकरणों पर एमआईसी की मुहर लगेगी। विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लगने से मेयर इन काउंसिल बैठक नहीं हो पाई थी। इसके साथ ही केंद्र सरकार की जनहितैषी योजनाओं को वंचितों तक पहुंचाने के लिए 10 जोन में लगाए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर के दौरान भी अलग-अलग वार्डों से जरूरतमंदों ने अपने पेंशन के आवेदन शिविर में जमा कराए हैं। इन शिविरों में प्राप्त पेंशन के प्रकरणों को जोन के माध्यम से मेयर इन काउंसिल की बैठक में रखने की तैयारी है।



### अरुण साव से मिलने पहुंची शहरी सरकार

महापौर एजाज ढेबर अपने परिषद के सदस्यों के साथ बुधवार शाम प्रदेश के नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव से मुलाकात करने उनके निवास पहुंचे। इस दौरान महापौर ने एमआईसी के सदस्यों के साथ नगरीय प्रशासन मंत्री से मुलाकात कर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए गुलदस्ता भेंटकर शुभकामनाएं दी। इसके साथ शहर विकास से जुड़े कार्यों के लिए राज्य शासन की ओर आवश्यक धनराशि प्रदान करने का आग्रह किया।

### कुकरेजा के बगैर एमआईसी

4 जनवरी को गांधी सदन में होने वाली एमआईसी की बैठक में यह पहला मौका होगा, जब विद्युत व अभियांत्रिकी विभाग का कोई अध्यक्ष तय किए बगैर एमआईसी होगी। विदित हो, पार्षद अजीत कुकरेजा इस विभाग के अध्यक्ष रहे। विधानसभा चुनाव के दौरान रायपुर उत्तर से विधानसभा चुनाव के लिए टिकट की दावेदारी करने के बाद भी उनकी जगह पार्टी संगठन ने तत्कालीन विधायक कुलदीप जुनेजा को कांग्रेस पार्टी से प्रत्याशी बनाया। इससे नाराज होकर अजीत कुकरेजा ने बागी तेवर दिखाते हुए निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना परचा भरा। उनके इस बागी तेवर को लेकर पार्टी संगठन ने आगामी 6 साल के लिए उन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया था। ऐसे में निगम के गलियारों में यह उत्सुकता बढ़ गई है, उनकी जगह किसी एमआईसी सदस्य को उनके विभाग का प्रभार मिलताहै या फिर महापौर एजाज ढेबर विद्युत एवं अभियांत्रिकी विभाग का प्रभार खुद अपने पास अस्थायी रूप से रखते हैं। चर्चा ये भी है, अजीत कुकरेजा ने अब तक एमआईसी से इस्तीफा नहीं दिया है, इसलिए गुरुवार की बैठक में आ सकते हैं।

## नहीं सुधरे परिणाम गुस्साए छात्रों ने साइंस कॉलेज में जड़ा ताला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

बुधवार को बीएससी के छात्रों ने साइंस कॉलेज में जमकर हंगामा किया। छात्र पूरक परीक्षाओं के परिणामों से असंतुष्ट थे। उनका आरोप है कि प्रबंधन द्वारा उत्तरपुस्तिकाओं की जांच में लापरवाही बरती गई है। उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन पुनः करवाने तथा नतीजों में सुधार के लिए छात्रों ने प्रदर्शन करते हुए साइंस कॉलेज के मुख्य द्वार में ताला जड़ दिया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नेतृत्व में छात्रों ने यह प्रदर्शन किया। महाविद्यालय प्रबंधन ने छात्रों के सम्मुख ही उत्तरपुस्तिकाएं दोबारा जांचे जाने की बात कही।



इसके बाद छात्रों का प्रदर्शन समाप्त हुआ। गौरतलब है कि बीएससी द्वितीय वर्ष की मुख्य परीक्षा में पूरक की पात्रता प्राप्त करने वाले छात्रों की दोबारा परीक्षाएं नए नियम के तहत आयोजित की गई। इसके तहत दो विषयों में फेल छात्रों को भी मौका दिया गया। इसमें भी बड़ी संख्या में छात्र फेल हो गए। अब छात्र पूरक परीक्षाओं के मूल्यांकन में लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं। जनवरी में ही हो सुपर सेप्लीमेंट्री पूरक परीक्षाओं में फेल होने के बाद छात्रों को एक और मौका दिया जाता है। यह अवसर वार्षिक परीक्षाओं के साथ छात्रों को मिलता है। सितंबर-अक्टूबर की पूरक परीक्षाओं में फेल हुए छात्रों को दोबरा पूरक परीक्षा दिलाने का मौका मार्च में होने वाली वार्षिक परीक्षाओं के दौरान दिया जाएगा।

## युवक की लात-घूंसों से पिटाई का वीडियो वायरल, बदमाशों के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

टिकरापारा थाने में एक युवक ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ अकारण मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित युवक घटना में शामिल एक युवक को पहचानने की बात कह रहा है, जबकि पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट करने का अपराध दर्ज किया है। घटना धरमनगर की है। युवक के साथ मारपीट की घटना का सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें बदमाश युवक की पेल्ट, बांस के डंडे तथा लात-घूंसों से पिटाई कर रहे हैं। घटना चार दिन पुरानी 31 दिसंबर की रात की बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक डूंडा निवासी सौरभ उर्फ साहिल यादव ने मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सौरभ ने पुलिस को बताया है कि धरमनगर में कुछ लड़के उसके पास पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। गाली-गलौज करने से मना करने पर बदमाश सौरभ के साथ मारपीट करने लगे। सौरभ के अनुसार वह अपने एक दोस्त के साथ धरमनगर गली के अंदर घुसा, इसी दौरान बदमाश उसके पास पहुंचे और मारपीट की।



## पत्नी की हत्या, आरोपी को उम्रकैद, एक हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में चार वर्ष पूर्व एक महिला की हत्या के आरोप में कोर्ट ने उसके पति को उम्रकैद तथा एक हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मधुसूदन चंद्राकर की कोर्ट में हुई। हत्या की वजह महिला द्वारा फोन में देर तक बात करना बताया जा रहा है।

■ सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में चार वर्ष पूर्व की घटना

लोक अभियोजक शमीम रहमान के मुताबिक राजातालाब, नूरानी चौक में किराए के मकान में रहने वाले प्रहलाद यादव को कोर्ट ने कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। प्रहलाद ने 13 दिसंबर 2019 को अपनी पत्नी तारा बाई उर्फ पिंकी की हत्या की थी। पत्नी की हत्या करने के बाद प्रहलाद ने स्वयं थाना पहुंचकर पुलिस को घटना की जानकारी दी। प्रहलाद ने पुलिस को अपनी पत्नी की हत्या की वजह बताते हुए कहा कि उसकी पत्नी देर तक मोबाइल में बात करती थी।

इसके चलते उसे अपनी पत्नी के किसी अन्य के साथ संबंध होने की आशंका थी। घटना दिनांक को इस बात को लेकर उनके बीच विवाद हुआ और प्रहलाद ने छोटे साइज के गैस सिलेंडर से अपनी पत्नी के सिर पर मार दिया। सिलेंडर के वार से पिंकी की मौके पर ही मौत हो गई थी।

# गांव के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को स्मृति सम्मान देकर किया सम्मानित

## संत कवि पवन दीवान जयंती पर विचार गोष्ठी का हुआ भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

ब्रम्हलीन संत कवि पवन दीवान की जयंती पर उसके गृहग्राम किरवई त्रिवेणी संगम साहित्य समिति राजिम नवापारा जिला गरियाबंद के तत्वाधान में साहित्य कारों, ग्रामवासियों एवं जन प्रति निधियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर आंचलिक कवि सम्मेलन, साहित्य संगोष्ठी और प्रतिभावान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संत कवि पवन दीवान स्मृति उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय किरवई के शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष पुरुषोत्तम साहू ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ परदेशी राम वर्मा वरिष्ठ साहित्यकार थे। अध्यक्षता यथार्थ शर्मा सरपंच ग्राम पंचायत किरवई ने किया।



### अतिथियों ने साहित्यिक श्रद्धांजलि अर्पित की

इस अवसर पर प्रवीण देवांगन ने दीवान की समाधि स्थल एवं आश्रम की उपेक्षा पर चिंता व्यक्त करते हुए इस ओर शासन का ध्यान आकृष्ट करते हुए तत्काल इस ओर ध्यान देने पर जोर दिया। सभा को उपस्थित अतिथियों ने संबोधित करते हुए अपनी– अपनी साहित्यिक श्रद्धांजलि अर्पित की है। कार्यक्रम के अगले क्रम में त्रिवेणी संगम साहित्य समिति राजिम नवापारा के उपस्थित कवि मकसुदन साहू, बरीवाला,मोहन लाल मानिक, भावुक रोहित माधुर्य, नरेंद्र पार्थ, रामेश्वर रंगीला एवं श्रवण कुमार साहू, प्रखर ने एक से बढ़कर एक लाजवाब रचना पढ़कर संत जी की स्मृतियों को रेखांकित करके माहौल को ऊँचाई प्रदान किया। कार्यक्रम के अंतिम कड़ी के रूप में ग्राम विकास समिति, पंचायत के जन प्रतिनिधियों एव ग्राम वासियों ने उपस्थित अतिथियों एवं साहित्यकारों को डायरी, लेखनी, गमछा एवं श्रीफल भेंट करके सम्मानित किया।

विशेष अतिथि के रूप में नारायण राम साहू अध्यक्ष जिला मानस संघ रायपुर,नम्मू राम साहू सेवानिवृत प्रधान पाठक सेम्हरतरा, प्रफुल्ल दुबे सेवानिवृत व्याख्याता किरवई, पंडित सूर्यभान चौबे भगवताचार्य पंढरपुर की उपस्थिति रही। सुमधुर कवि रोहित माधुर्य ने सरस्वती वन्दना प्रस्तुत किया। इसके पश्चात त्रिवेणी संगम साहित्य समिति राजिम नवापारा द्वारा गांव के प्रतिभावान छात्र -छात्राओं को संत कवि पवन दीवान स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया। विचार गोष्ठी के क्रम में दीवान जी के सहयोगी रहे वरिष्ठ साहित्यकार डॉ परदेशी राम वर्मा ने दीवान जी के व्यक्तित्व एव- तित्व पर प्रकाश डालते हुए दीवान जी से जुड़े अनेक पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए संत कवि पवन दीवान के स्मृति में साहित्यिक सम्मान एवं विशेष राजकीय आयोजन हेतु आह्वान किया है।

## खबर संक्षेप

### भाजपा की सरकार बनने के बाद सेवा सुशासन का नया सूर्योदय हुआ : शर्मा

**मैनपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद सेवा – सुशासन और गरीब कल्याण का नया सूर्योदय हुआ है छत्तीसगढ़



राज्य का निर्माण पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने किया था और इसे संवारने का काम भी भाजपा करेगी। उक्त बाते भाजपा गरियाबंद जिला उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा ने पत्रकारो से चर्चा करते हुए कही। श्री शर्मा ने आगे कहा छत्तीसगढ़ में पिछले पांच सालो में कांग्रेस के शासनकाल में जो भय आतंक माफियाओ का राज था उसे अब खत्म किया जायेगा। पूरे प्रदेश में कानून का राज चलेगा।
श्री शर्मा ने आगे कहा हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छत्तीसगढ़ की जनता को जो गारंटी दी है उस गारंटी को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार पूरा करेगी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ को विकासशील से विकसित राज्य बनाया जायेगा यहां रोजगार के नये अवसर उपलब्ध होंगे।

### काव्य प्रतियोगिता में जिले के विरेन्द्र को मिला तृतीय स्थान

**फिंगेश्वर।** छोटे से गांव कपसीडीह के युवा साहित्यकार विरेंद्र सिंह ठाकुर साहित्य के प्रति लगातार अलग - अलग विधा पर लेखन



कार्य कर रहे हैं। पिछले दिनों मां कौशल्या इनोवेशन फाउंडेशन छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में आयोजित छत्तीसगढ़ के ब्रम्हलीन महान संत कवि पवन दीवान जी व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित काव्य प्रतियोगिता का परिणाम 1 जनवरी संत पवन दीवान के जन्मदिवस के अवसर पर जारी किया गया। इस प्रतियोगिता में देशभर के 108 नामचीन कवियों ने भाग लिया। जिसमें जिला के ग्राम कपसीडीह निवासी युवा कवि विरेन्द्र सिंह ठाकुर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस प्रतियोगिता के संयोजक डॉ. मुन्नालाल देवदास राष्ट्रपति पुरस्कृत से.नि. प्रधानपाठक, मुख्य अतिथि डॉ.परदेशी राम वर्मा वरिष्ठ साहित्यकार,निर्णायक सीताराम साहू राष्ट्रपति पुरस्कृत साहित्यकार थे। संकलित रचनाओं का विमोचन राजिम कल्प कुंभ में किया जाएगा। युवा कवि विरेन्द्र सिंह ठाकुर की इस उपलब्धि पर रत्नाचल साहित्य परिषद गरियाबन्द के अध्यक्ष जितेंद्र सुकुमार साहिर, मम राजीवलोचन जिला मानस संघ के अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, मंथन साहित्य परिषद पांडुका के अध्यक्ष पुरुषोत्तम चक्रधारी, कवि फनेन्द्र साहू, वरिष्ठ साहित्यकार संतोष सोनकर मंडल, नूतन साहू, थानुराम निषाद, कुमेश किरणबेर, वीरेन्द्र साहू सहित अनेक लोगों के बधाई दी।

### तुमगांव में रोज निकाली जा रही प्रभातफेरी

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव में अयोध्या रामलला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा राम टोली द्वारा प्रतिदिन नगर के सभी वार्डो में सुबह प्रभातफेरी निकाली जा रही है। श्रीराम के नारे के जयघोष से नगर को राममय किया जा रहा है। रामटोली द्वारा राम मंदिर में एकत्रित होकर सभी राम टोली के सदस्य नगर में गाजे बाजे के साथ राम नाम का गुणगान कर 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर सभी नगरवासियों को घरों में भगवा ध्वज, असख्य दीप प्रज्वलित कर दीपाली उत्सव के रूप में मनाने की अपील की जा रही है।

## निधन

### तेजराम नंदे

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम खड़मा निवासी तेजराम नंदे 48वर्ष का



निधन गुरुवार को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें ग्राम के गणमान्य नागरिक व परिवार के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता बेदराम नन्दे सोरिद खुर्द निवासी के छोटे भाई थे।

## अवलोकन : सांसद ने ग्राम शोभा में ड्रोन मशीन से दवाई छिड़काव का किया अवलोकन

# शिविर स्थलों पर किया जा रहा ड्रोन से नैनो यूरिया के छिड़काव का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी आमजन को दी जा रही है। साथ ही पात्र हितग्राहियों का शिविर स्थल पर ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का पंजीयन एवं किसान क्रेडिट कार्ड तैयार कर लाभांवित किया जा रहा है। इसी कड़ी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आज ग्राम- शोभा में ड्रोन मशीन से नैनो यूरिया छिड़काव का जीवन्त प्रदर्शन किया गया। महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद चुन्नीलाल साहू ने ड्रोन से दवाई छिड़काव का अवलोकन किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान कृषि विभाग एवं नेशनल फर्टिलाईजर लिमिटेड के संयुक्त तत्वधान में विभिन्न ग्रामो में शिविर के माध्यम से ड्रोन तकनीकी द्वारा नैनो यूरिया छिड़काव का प्रदर्शन किया जा रहा है। खेती में बढ़ते लागत, मजदूरों की कमी को देखते हुए खेती-किसानी को आधुनिक बनाने के उद्देश्य से किसानों को प्रमुख फसलों में नैनो उर्वरक के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। नैनो उर्वरकों का फसल पर सही एवं लक्षित प्रयोग करने से पर्यावरण को बिना नुकसान पहुचाएं पौधे को आवश्यक पोषण दिया जा सकता है और अच्छी उपज प्राप्त की जा सकती है। इस दौरान जनपद अध्यक्ष नुरमति मांझी, वरिष्ठ नागरिक राजेश साहू, अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं नागरीकगण उपस्थित रहे।

## कृषि विभाग ने ड्रोन से नैनो यूरिया छिड़काव का किया प्रदर्शन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर के दुरस्थ वनांचल क्षेत्र शोभा में गुरूवार को विकसित भारत संकल्प यात्र के तहत कृषि विभाग द्वारा ड्रोन मशीन से नैनो यूरिया छिड़काव का प्रदर्शन किया गया। जिसे देखने किसानो और क्षेत्र के लोगों की भारी भीड़ लगी रही। विकसित भारत संकल्प यात्र के दौरान कृषि विभाग एवं नेशनल फर्टिलाईजर के संयुक्त तत्वाधान में शिविर के दौरान विभिन्न ग्रामो में नैनो यूरिया छिड़काव का प्रदर्शन किया जा रहा है। गरियाबंद कृशि विभाग के उप संचालक चंदन राय ने बताया खेती में बढ़ते लागत मजदूरो की कमी को देखत हुए खेती किसानी को आधुनिक बनाने के उद्देश्य से किसानों को प्रमुख फसलो में नैना उर्वरक के फसलों बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। नैनो उर्वरको का फसल पर सही एवं लक्षित प्रयोग करने से पर्यावरण को बिना नुकशान पहुंचाये पौधो को आवश्यक पोशण दिया जा सकता है और अच्छी उपज प्राप्त की जा सकती है। इस दौरान सांसद चंदुलाल साहू के हाथो पात्र हितग्राहियों को शिविर स्थल पर ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का पंजीयन एवं किसान के्रडिट कार्ड तैयार कर वितरण किया गया। जनपद अध्यक्ष नुरमति मांझी, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश साहू एवं कृशि विभाग से सहायक संचालक महेश पैकरा, तकनीक विशेषज्ञ भावपेश शांडिल्य, रविशंकर पटेल, नंदलाल देव व बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

# भक्त माता राजिम जयंती की तैयारियां जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



7 जनवरी को बहुत ही भव्य रूप में राजिम माता की जयंती मनाई जा रही है इसकी तैयारी देखने के लिए राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, जिला साहू संघ महासमुंद के कार्यकारी अध्यक्ष गौकरण साहू, पूर्व परिक्षेत्र अध्यक्ष टीकम साहू ,पूर्व पालिका अध्यक्ष होरीलाल साहू कार्यक्रम स्थल पहुंचे और तैयारियों का जायजा लिया। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम के संयोजक भुनेश्वर साहू, साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने बताया कि 7 जनवरी भक्त माता राजिम जयंती समारोह महोत्सव मंच को मुख्य मंच का स्वरूप प्रदान किया जा रहा है। महानदी का समतलीकरण कार्य एवं साफ सफाई का कार्य भी अंतिम चरण पर है। मुख्य मंच के पास ही सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए भी मंच तैयार किया जा रहा है और मुख्य मंच से थोड़ी दूर पर प्रसाद वितरण के लिए नदी में ही पंडाल लगाया जा रहा है इस कार्यक्रम में प्रदेश भर के लाखों स्वजन शामिल होंगे कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने के लिए जिला साहू संघ तहसील परीक्षेत्र एवं ग्रामीण स्तर के पदाधिकारी तैयारी पर लगे हुए हैं जगह-जगह पर बैनर पोस्टर लगाया जा रहा ।उक्त जानकारी समिति के महामंत्री रामकुमार तरुण साहू ने दी।

### राजिम भक्तिन माता जयंती की तैयारी बैठक में दी गई अलग-अलग जिम्मेदारी

**राजिम।** राजिम भक्तिन माता जयंती की तैयारी बैठक में जिला साहू संघ के अध्यक्ष नारायण साहू धमतरी जिला साहू संघ के अध्यक्ष अवनेन्द्र साहू, राजिम भक्तिन मंदिर समिति



के पूर्व अध्यक्ष डॉ महेंद्र साहू, छुरा तहसील के अध्यक्ष अवध साहू संरक्षक जिला साहू संघ कुंजन साहू, कोषाध्यक्ष घनश्याम साहू, उपाध्यक्ष ओमकार साहू राजिम नगर के अध्यक्ष भवानी शंकर साहू, कोपरा परिक्षेत्र अध्यक्ष कमलेश साहू, राजिम परिक्षेत्र अध्यक्ष प्रकाश साहू व सभी युवाओं एवं प्रत्येक परिक्षेत्र से 15 व्यक्ति की संयुक्त जवाबदारी होंगी। सभी जवाबदार लोग सुबह से उपस्थित होंगे। प्रत्येक गांव से दो गाड़ी सामाजिक लोगो को लाने की जिम्मेदारी ग्रामीण अध्यक्ष की होंगी। मंच मे सभी तहसील अध्यक्ष एवं सभी परिक्षेत्र अध्यक्ष का सम्मान होगा। बैठक में जिला साहू संघ धमतरी के अध्यक्ष अवनेन्द्र साहू ने अपने धमतरी जिला से भी सभी परिक्षेत्र एवं तहसील से भोजनालय ( भंडारा ) में सहयोग हेतु पदाधिकारी को जवाबदारी देने की बात कही, कार्यक्रम का संचालन महासचिव हेमंत साहू ने किया।

# सुपेबेड़ा की तेल नदी पहुंची एनआईटी की टीम, प्लांट और लोकेशन का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता पंकज जैन एनआईटी रायपुर की टीम को लेकर तेल नदी के उस लोकेशन पर पहुंचे। जहां सुपेबेड़ा जल प्रदाय योजना के तहत इंटेक व्हेल बनाया जाना है। टीम को लीड कर रहे एनआईटी के प्रोफेसर डॉक्टर मणिकांत वर्मा व डॉक्टर इस्तियाक अहमद ने तेल नदी का 3 घंटे तक मुआयना किया। विभाग के अफसरों से नदी के स्वभाव, सतही जल ,बरसात के अलावा अन्य सीजन में नदी में बहाव की विस्तृत जानकारी लिया। नदी पर बने योजना व उनकी सफलता पर भी कई सवाल जवाब किए। उस स्थान को भी देखा जहां योजना का इंटेक व्हेल बनना है। गांव में जा कर टीम ने ग्रामीणों से भी नदी से जुड़ी कई जानकारियां जुटाई। बहाव के नेचर व पानी की उपयोगिता को लेकर हर उस सवाल का जवाब जाना जो आगे पर्याप्त पेयजल उपलब्धता को लेकर जरूरी है। सुपेबेड़ा में निर्माणाधीन वाटर फिल्टर प्लांट स्थल पर भी जाकर आवश्यक डेटा लिया।

### तेल नदी, इंटेक वेल व प्लांट के लोकेशन की भी पड़ताल की



पीएचई विभाग गरियाबद के ईई पंकज जैन ने कहा कि अभी टीम प्रारंभिक जानकारी जुटाई है। जीवन से जुड़ी इस योजना को लागू करने से पहले इसे सफल बनाने हर मुमकिन प्रयास की यह एक कड़ी है। योजना लंबे समय के लिए चलती रहे, इसलिए स्थल की सारी परिस्थिति योजना के अनुकूल हो, इसलिए एन आई टी की मदद ली गई है। टीम ने अभी तक जो भी देखा उसे उपयुक्त बताया है। जल की उपलब्धता बारहों मास बनी रहेगी इस पर भी वे अपनी शोध के बाद रिपोर्ट जल्द दे देंगे।

**ज्यादातर सिंचाई योजना फेल, इसलिए पड़ताल की पड़ी जरूरत–** 8 करोड़ 45 लाख लागत से बन रही योजना में सुपेबेडा सामूहिक जल प्रदाय योजना समेत 9 गांव के 2074 घरों तक रोजाना पीने का साफ पानी पहुंचाना है। 10 लाख लीटर पानी फिल्टर करने की क्षमता वाली प्लांट को दुगुना मात्रा में पानी की सप्लाई 12 माह करना है। इस नदी पर बनी ज्यादातर सिंचाई योजनाएं फेल है,जल प्रदाय योजना के लिए बहाव को रोकने के लिए बनाए गए सिंचाई विभाग के एनिकट वाल का ऊपरी हिस्सा योजना शुरू होने से पहले टूट गया है।

ऐसे में पीएचई विभाग अपनी योजना की सफलता से पहले कोई रिस्क नहीं लेना चाह रही है। हालाकि विभाग के अफसर इस विषय पर खुल कर नही बोले ,लेकिन लागू करने से पहले नदी की पड़ताल बात पीएचई अफसर भविष्य के लिए कोई चांस नही लेना चाहते।

# अक्षत कलश पहुंचने पर कोसरंगी में भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



ग्राम कोसरंगी में अयोध्या से आए पूजित अक्षत, पत्र, नवनिर्मित मंदिर का छायाचित्र का ग्राम कोसरंगी पहुंचने पर राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव समिति के संयोजक, सहसंयोजक के सदस्यों एवं ग्राम पंचायत के सरपंच के नेतृत्व में ग्रामवासियों द्वारा भव्य स्वागत पूजा अर्चना एवं आतिशबाजी एवं पुष्प वर्षा कर गाजे बाजे के साथ किया गया।

अक्षत कलश को पूरे गांव में भ्रमण कराया गया। अक्षत कलश का ग्राम कोसरंगी में प्रत्येक घर रंगोली बनाकर दीप जलाकर पूजा अर्चना की गई। भजन मंडली द्वारा भजन कीर्तन करते हुए कलश के आगे आगे चल रहे थे। अयोध्या धाम में बनकर तैयार भव्य राम मंदिर में 22 जनवरी 2024 सोमवार को अभिजीत मुहूर्त में भगवान का प्राण प्रतिष्ठा होगा। रामलाल के प्राण प्रतिष्ठा के दिन को भव्य बनाने भजन मंडली द्वारा गांव में प्रभात फेरी निकाली जा रही है। पूजित अक्षत, राम भगवान की फोटो तथा आमंत्रण पत्र का वितरण राम भक्त सनातन धर्मियों द्वारा घर-घर किया जा रहा है। 22 जनवरी को कोसरंगी के जनमानस द्वारा दीपदान का कार्यक्रम भी रखा गया है। मुख्य कार्यक्रम के दिन पूरे दिनभर धार्मिक कार्यक्रम होंगे। उक्त तिथि को उत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम को लेकर भक्तों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत कोसरंगी के सरपंच उमा सुरेश साहू, ठाकुर राम साहू, सोहनलाल साहू, राजेंद्र गिरी गोस्वामी, घसियाराम साहू, चंदन साहू, कार्तिक राम साहू, सुरेश कुमार साहू, अर्जुन गिरी गोस्वामी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

Health Town

यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना – घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### क्रिकेट प्रतियोगिता में मुड़ागांव की टीम प्रथम

**मुड़ागांव(कोरासी)।** रानीश्यामकुमारी देवी के स्मृति में शीतकालीन टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन हाई स्कूल मैदान सेन्दर में किया गया। जिसमें ग्राम नवापारा (भ) मुड़ागांव के टीम ने फाइनल मैच जीत कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिन्हे 10 हजार रुपए नगद और शिल्ड से सम्मानित किया गया और अपने टीम का नाम रोशन किया जिसके लिए ग्रामीणो ने बधाई दी।

### किसानों के ऋृण को ब्याज मुक्त किया जावे : टीकम

**नवापारा-राजिम।** पूर्व सरपंच भाजपा नेता टीकम चन्द साहू ने बताया कि क्षेत्र से एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधि मंडल गुरूवार की शाम प्रदेश के सीएम विष्णुदेव साय से मुलाकात करेंगे। इस मुलाकात में एक ज्ञापन देकर उनसे अनुरोध किया जाएगा जिसमें सर्वप्रथम छग के किसानों को कर्जमाफी की उम्मीद थी, जिसके चलते रबी फसल के लिये लिए गए ऋृण को किसानों के द्वारा पटाया नहीं गया था जिसका छह माह का मियाद खतम हो जाने पर 16 प्रतिशत ब्याज लग रहा है। कहा कि पूर्व सरकार द्वारा कर्जमाफी की घोषणा की गई थी जिसे जनता ने नजर अंदाज कर भाजपा को रिकार्ड मतों से पूर्ण बहुमत के साथ बिठाया है अतः उन किसानों का ऋृण को ब्याज मुक्त किया जावे जो साल भर में पटा रहे है। दो सावन के चलते बोनी में इस बार देरी हुई थी फलस्वरूप कटाई-मिंजाई भी देरी से हुआ है और उपर से दिसम्बर के प्रथम सप्ताह में बेमौसम बारिश के कारण खरीदी भी एक सप्ताह प्रभावित रहा अतः धान खरीदी की तारीख को बढ़ाकर 15 फरवरी किया जावे। पूर्ववर्ती सरकार द्वारा उपार्जित धान बोनस की राशि का चौंथा किश्त भी दिया जावे। इन सभी विषयो को सीएम विष्णुदेव साय के ध्यान में लाया जाएगा।



### 174 क्विंटल धान का अवैध परिवहन करते कंटेनर सहित दो लोग पकड़ाए

**महासमुंद।** ओडिशा प्रांत से कंटेनर में अवैध रूप से धान का परिवहन करते हुए बसना पुलिस द्वारा दो लोगों को पकड़ा गया। दोनों आरोपी महाराष्ट्र के बताए जा रहे हैं, जिनके पास धान परिवहन को लेकर किसी प्रकार दस्तावेज नहीं पाया गया। आरोपियों के कब्जे से कंटेनर में भरे हुए 174 क्विंटल धान जब्त कर धारा 102 जाफौ के तहत कार्रवाई की गई है।
पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह द्वारा ओडिशा राज्य की ओर से अवैध धान परिवहन पर निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके परिपालन में अति पुलिस अधीक्षक आकाश राव एवं अनु अधिकारी सरायपाली अभिषेक केसरी के निर्देशन में गुरूवार को मुखबिर से सूचना मिली कि ओडिशा राज्य से बसना की ओर पलसापाली बेरियर होते हुए जिले की ओर अवैध धान लिए कंटेनर वाहन क्रमांक एमएच 04 बीजी 9953 आ रहा है। सूचना पर पलसापाली बेरियर में पुलिस की तैनाती की गई। कुछ समय बाद एक कंटेनर आता हुआ दिखा।

**आयोजन : विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होने दूरस्थ वनांचल शोभा पहुंचे सांसद चुन्नीलाल**

# मोदी की गारंटी वाली सरकार, समाज के अंतिम व्यक्ति को भी शासन की योजनाओं से जागरूक कर उन्हें कर रही लाभान्वित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शामिल होने महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद चुन्नीलाल साहू गुरुवार को दोपहर मैनपुर विकासखंड के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र शोभा पहुंचे तो ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में भाजपा के गरियाबंद जिला अध्यक्ष राजेश साहू, जनपद अध्यक्ष नुरमति मांझी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष दुलार सिन्हा, असलम मेमन, जनपद सदस्य घनश्याम मरकाम, वेदमति कपिल, सरपंच शोभा रमुला बाई मरकाम उपस्थित थे।

■ हितग्राहियों को आयुष्मान भारत कार्ड, किसान क्रडिट कार्ड व सामाग्री का किया गया वितरण

कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा- अर्चना कर किया गया। सांसद श्री साहू ने शिविर में स्टालों का अवलोकन किया कर कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ लोगों को दिलाने को है। संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि ये प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी वाली सरकार है और गाड़ी आपके गांव में खड़ी है। समाज के अंतिम व्यक्ति को भी शासन की प्रमुख योजनाओं से जागरूक कर उन्हें लाभान्वित कर रही है। योजनाओं व कार्यक्रमों को डिजीटल स्क्रीन, फ्लेक्स और पोस्टर के माध्यम से जन–जन तक पहुंचाया जा रहा है। ग्रामीणों में ऐसे व्यक्ति जो शासन की योजना से अब तक वंचित रह गये थे उन्हें लाभान्वित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने अपील किया कि सभी योजनाओं का लाभ पात्रतानुसार अवश्य उठाएं।

भाजपा गरियाबंद जिला अध्यक्ष राजेश साहू ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ मिलकर विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से ग्रामवासियों को जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया। जनपद पंचायत मैनपुर के अध्यक्ष नुरमति मांझी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पहली बार आदिवासी मुख्यमंत्री बनाया गया है। निश्चित रूप से हमारे आदिवासी क्षेत्र के विकास के लिए विशेष कार्ययोजना बनाई जाएगी। संचालन सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी यशवंत बघेल एवं आभार मनरेगा परियोजना अधिकारी रमेश कंवर ने किया। कार्यक्रम के दौरान हितग्राहियों को आयुष्मान भारत कार्ड, किसान क्रडिट कार्ड व विभिन्न योजना के तहत सामाग्री वितरण किया गया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता नरोत्तम साहू,गुरुनारायण तिवारी,तानसिंह, पुनीत राम सिन्हा ,रामदास वैष्णव,कृष्ण मरकाम, नंदनी नेताम,सरीता ठाकुर, महेश कश्यप, मनोज निर्मलकर, दिनेश शर्मा, प्रदीप शर्मा, रामस्वरूप साहू,दैनिक राम मंडावी, एसडीएम हितेश पिस्दा, एसडीओपी पुलिस बाजीलाल सिंह, जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली खलको, बीईओ चंद्रशेखर मिश्रा, बीआरसीसी एस के नागे, महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी चंद्रहास साहू, बीएमओ डॉ. गजेन्द्र ध्रुव, प्रधानमंत्री आवास अधिकारी विकास द्विवेदी, चंद्रकिशोर नेताम, सुंदर बघेल, हिमांचल ध्रुव, भारती सोनवानी, गणेश सोनी, ओमप्रकाश पटेल, पशु चिकित्सालय विभाग के अधिकारी योगेश नायक, नरसिंह ध्रुव, कृषि अधिकारी संदीप भोई, मनीश पटेल, डोमार पटेल सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।





# केंद्रीय योजनाओं से आम जनजीवन में व्यापक परिवर्तन : विधायक साहू

**विकसित भारत संकल्प यात्रा में तरीघाट-रोहिना पहुंचे विधायक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गुरूवार को ग्राम पंचायत तरीघाट व ग्राम पंचायत रोहिना में राजिम विधायक रोहित साहू के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधायक श्री साहू का ग्रामीणों ने फुल मालाओं से जबर्दस्त स्वागत किया। कार्यक्रम में तरीघाट के सरपंच जया साहू, सरपंच प्रतिनिधि कोमल साहू, चिमन वर्मा, जनपद सदस्य आशाराम साहू,सरपंच संघ के अध्यक्ष होमन साहू, उपसरपंच गजाधर साहू, सिर्रीखुर्द के पूर्व सरपंच विजय कंडरा,बोधन साहू, राजू साहू, हलधर पटेल, देवेंद्र वर्मा, किशोर साहू उपस्थित थे। शिविर में जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। विधायक रोहित साहू ने ग्रामीणों व विभागीय अधिकारियों से वन टू वन चर्चा करके विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत तरीघाट में नवनिर्मित आंगनबाड़ी का लोकार्पण तथा ग्राम पंचायत रोहिना के आश्रित ग्राम सेमराडीह में नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। तरीघाट और रोहिना के शिविर में उन्होंने हितग्राहियो से योजनाओं के लाभ लेने हेतु विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया।



**मोदी की गारंटी गाड़ी देश के कोने-कोने में पहुंच रही**

इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का बीड़ा उठाया है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों, महिलाओं व किसानों के लिए कई गारंटी योजनाओं की शुरूआत की है जिसके लाभ से आम जनजीवन में व्यापक परिवर्तन देखने को मिलेगा। मोदी की गारंटी गाड़ी देश के कोने-कोने में पहुंच रही है। यह गाड़ी युवाओं और नारी शक्ति दोनों को ही सशक्त कर रही है। प्रदेश की भाजपा सरकार गारंटियों को पूरा कर रही है, चाहे किसानों को दो साल का बोनस हो, महिलाओं को महतारी वंदन योजना,21 क्विंटल धान खरीदी जैसे निर्णय से प्रदेश में खुशहाली देखने को मिल रही है। विधायक श्री साहू ने ग्रामवासियों से 22 जनवरी को अयोध्या में राममंदिर उदघाटन के दिन दीपावली जैसा महोत्सव मनाने का भी आग्रह किया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामवासी और अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

# मड़ई मेला हमारा सामाजिक धरोहर : ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

छत्तीसगढ़ राज्य के जिला गरियाबंद में धान की फसलों की कटाई होते ही गांवों में मड़ाई मेला का दौर चल रहा है। इन दिनों आगे झमाझम मड़ाई मेला से एक खुशहाली ग्रामीणों को देखने मिल रहा है और भेंट मुलाकात जारी है। विगत दिनों गरियाबंद जिला मुख्यालय से महज 3 किलोमीटर दूर ग्राम पाथरमोहन्दा में मड़ाई मेला का आयोजन बड़े धूमधाम से किया। जिसमें रात्रिकालीन मनोरंजन छत्तीसगढ़ी आर्केस्ट्रा का आयोजन भी किया गया था। उक्त ग्राम मड़ाई में आये अतिथियों को श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। श्री ठाकुर ने सम्बोधन करते हुए कहा कि मड़ाई मेला हमारे पूर्वजों का धरोहर है जब किसान अपना फसल कटाई करके खेत व खलिहान से घर पहुंच जाता है और चार माह के मेहनत फल मिल जाता है। अपने खुशहाली मनाने गाँव के देवी-देवताओं की पूजा पाठ करने यह मड़ाई का आयोजन किया जाता है और आसपास के देवी देवताओं को भी आमन्त्रण दिया जाता है साथ ही अपने रिश्तेदारों को भी मड़ाई का आनंद लेने बुलाया जाता है और पूरी खातिरदारी करते हैं। गरियाबंद जिला के प्रथम जिला पंचायत उपाध्यक्ष पारस ठाकुर ने अपने सम्बोधन में कहा कि मड़ाई मेला हमारी दिनचर्या का सांस्कृतिक धरोहर है जिसे हम बनाये रखना चाहते हैं। मड़ाई में विशेष अतिथि श्री मुरलीधर सिन्हा ने कहा की धीरे धीरे हमारी ग्रामीण संस्कृति विलुप्त हो रही है जिसे सहेजने कि आवश्यकता है । इस अवसर पर ग्राम के पटेल जगदीश ठाकुर, बैगा डोमार ध्रुव सरपंच दिनेश ध्रुव, रामकृष्ण दीवान, भीखम, नंदे दीवान, नोबल, दीपक कन्हैया निषाद, हीरासिंह, लोमश निषाद, पुनीत निषाद, गोपालसिन्हा, जयलाल निषाद, मनोहर दीवान, किशन सेन सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।



# कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल का पटेल मरार समाज ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

छत्तीसगढ़ मरार पटेल समाज द्वारा आयोजित महान समाज सुधारक माता सावित्री फुले की जयंती, व प्रदेश स्तरीय युवक -युवती परिचय सम्मेलन मे कटघोरा के विधायक प्रेम पटेल का भव्य स्वागत गजमाला से किया गया। स्वागत करने वालो में प्रदेश महामंत्री, जिला अध्यक्ष सोमनाथ पटेल, राज अध्यक्ष तेजराम पटेल, नारायण पटेल, फिरंगी पटेल,नारायण पटेल, कैलाश पटेल, दामोदर पटेल, थूकेल पटेल, वेदराम पटेल ,हेमलाल पटेल सहित बड़ी संख्या में प्रदेश जिला राज तहसील के पदाधिकारी उपस्थित थे।



# विधायक मोतीलाल ने श्री राजीव लोचन भगवान का दर्शन किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विधायक मोतीलाल साहू एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के पूर्व अध्यक्ष विपिन साहू भगवान श्री राजीव लोचन की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। विधायक श्री साहू निर्वाचित होने के बाद प्रथम बार राजिम पहुंचे थे लिहाजा उनके खास समर्थक राजिम भक्तिन मंदिर समिति के अध्यक्ष लाला साहू एवं उनके टीम द्वारा भव्य स्वागत किया गया। स्वागत पश्चात उनका काफिला भगवान श्री राजीव लोचन मंदिर पंहुचा। मंदिर के पुजारी अभिषेक सिंह ठाकुर, श्रीकांत शर्मा ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराया। विधायक श्री साहू ने राजयोग मिलने के लिए भगवान श्री राजीव लोचन का दंडवत प्रणाम किया। मंदिर में मोतीलाल साहू एवं विपिन साहू का तिलक लगाया। मंदिर से सीधे विधायक श्री साहू अपने समर्थक लाला साहू के यहां भगवान श्री सत्यनारायण की कथा में शामिल हुए। यहां पर विधायक का लाला साहू के अनुज संतोष साहू सहित पूरे परिवार के लोगों ने आरती उतारकर आतिशबाजी करते हुए गुलदस्ता पुष्प माला से स्वागत किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा सोनकर, पार्षद टंकु सोनकर प्रवीण पुष्पाकर, महेंद्र साहू, वीरेंद्र साहू, डॉ टुकेश्वर साहू, पिनकेश्वर साहू, रामकुमार साहू, भोला साहू, श्याम साहू, तरुण साहू, दीपक साहू, ओम साहू, राजू ठाकुर, शिव ठाकुर, संतोष पवार, नूतन देवांगन, यांशु साहू, प्रांशु साहू सहित बड़ी संख्या में समाज एवं परिवार के लोग शामिल थे।





# मड़ई की परंपरा लोककला व इतिहास की आत्मा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

ग्राम पंचायत खुटेरी के गौठान मैदान में मड़ई मेला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यअतिथि के रूप में राजिम विधायक रोहित साहू शामिल हुए। इस दौरान विधायक रोहित साहू ने कहा मड़ई के दिन ग्राम के अंदर किसी बड़े उत्सव त्योहार से कम नहीं है। मड़ई की परंपरा लोककला और इतिहास की आत्मा है। इसमें ग्रामीण जनजीवन व त्योहार का प्रतिबिंब दिखता है। ये तमाम रिश्ते जोड़ने का माध्यम भी बनते हैं। साथ ही सामाजिक मेलजोल बढ़ाने का खास अवसर रहता हैं। ग्राम के अंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। लोग क्षेत्रीय गंवाई भाषा के गीत संगीतों पर सुनने देखने का अवसर मिलता है। वहीं सभा को पूर्व सांसद चन्दुलाल साहू, भाजपा नेता महेश यादव, भागवत हरित ने भी सम्बोधित किया।

■ पारम्परिक बाजा मड़ई पहुंचे, रावत ग्वाल ने जमकर किया नृत्य

गांवों से मड़ई में शामिल होने के लिए ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी। लोग मड़ई और नववर्ष की उमंग को लेकर दोगुने उत्साहित दिखे। मड़ई परिसर में देर शाम रात तक जहां मनिहारी, खिलौना, मिठाई ,फल, हरी सब्जी, मटन मछली बाजार में खरीदारों की भीड लगी रही। वहीं मड़ई के मद्देनजर पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल रहा। नववर्ष के प्रथम दिन मड़ई होने से ग्रामीणों की खुशियां दोगुनी थी। स्थानीय नागरिकों ने अपने परिजनों, मित्रों सहित सगे संबंधियों के मड़ई में आगमन पर अपने अपने घरों में स्वागत करने के लिए साफ सफाई व रंग रोगन कर सजावट कर विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाए थे।



**शौर्य प्रदर्शन रहा आकर्षण का केंद्र**

मड़ई के आगमन और बाजार परिसर में भ्रमण के बाद ग्राम बैगा पंडा द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर गांव की खुशहाल, धन सम्पदा समृद्धि मनोकामना पूर्ति प्रार्थना किया। वही परंपरागत वेशभूषा में कलाकारों ने राऊत नृत्य एंव बैरक शौर्य प्रदर्शन ने दर्शकों का मनमोहा। इससे पहले गांव पहूंचने पर अतिथियों का फटाका फोड़ कर मंच में फुल माला पहनाकर कर स्वागत कर रहा है। ग्राम के अध्यक्ष गया राम सेन ,आर आर साहू ग्राम पदाधिकारी ने बताया कि मड़ई के आयोजन की सूचना तमाम रिश्तेदार दोस्त शुभचिंतकों को पूर्व में दीया गया था । विशेष निमंत्रण क्षेत्र के जनप्रतिनिधि को दिया गया है। इस दौरान गयाराम सेन, रिखी राम साहू, मयाराम, बलराम, ढेलू ऐनसिंग, द्वारिका, नारायण साहू, खेलावन, रमाऊ राम, छविराम, चिंता राम, बचन उपस्थित थे।

